(9) दुर्घटना स्थल पर मौजूद जिम्मेदार पदाधिकारी से लाइन साफ करने के लिये लगने वाले समय तथा रेल पथ, उपरी उपस्कर तथा अन्य संरचनाओं की मरम्मत में लगने वाले अतिरिक्त समय यदि कोई हो, की जानकारी प्राप्त करेगा ताकि इस बात का अनुमान लगाया जा सके कि लाइन यातायात के लिये कब तक उपलब्ध हो जायेगी।
(10) प्रभावित खण्ड के दोनों तरफ की लूप लाइनों को ब्रेक डाउन तथा आपरेशन हेतु खाली रखते हुये खण्ड में आवश्यकतानुसार गाड़ियों को ऐसे स्टेशनों से विनियमित किया जाये जहां खान–पान तथा दूर संचार की पर्याप्त व्यवस्थायें उपलब्ध हों।
(11) सेक्शन में संकुचन (कंजेशन) से बचने के लिये कम महत्ववाली गाड़ियों के संचालन की अनुमति न देना।

4) दुर्घटना के समय गार्ड के महत्वपूर्ण कर्तव्य– दुर्घटना के समय गाड़ी का गार्ड तुरंत कार्यवाही करेगा–

(1) दुर्घटना की तिथि/समय तथा दुर्घटना का सही स्थान नोट करेगा।

(2) निकटवर्ती लाइन/लाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा और इसके पश्चात् दुर्घटना वाली लाइन को किसी योग्य कर्मचारी जैसे सहायक गार्ड, सहायक चालक, गेंगमेन, गेटमेन आदि की सहायता लेते हुये सामान्य नियम 6.03 तथा सहायक नियम 6.03.1 के अनुसार सुरक्षित करेगा।

(3) हताहतों/घायलों तथा चल स्टॉक क्षति और दुर्घटनास्थल पर अपेक्षित सहायता का आकलन कर निकटतम स्टेशन मास्टर या नियंत्रक को तुरंत सूचित करेगा।

(4) घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार प्रदान करेगा ओर रेलवे कर्मचारियों, डाक्टरों तथा/अथवा गाड़ी या दुर्घटना स्थल के निकट उपलब्ध स्वयं सेवकों की सहायता से लोगों की जान बचाने संबंधी कार्यवाही करेगा और गार्ड जरनल में प्रविष्टि करेगा।

(5) वह नियंत्रक तथा दुर्घटना नियमावली 2007 के पैरा 201 में यथा उल्लेखित दोनों तरफ के स्टेशनों को दुर्घटना का विस्तृत ब्यौरा तथा अपेक्षित सहायता के स्वरूप का विवरण देते हुये शीर्घतम संभव साधनों द्वारा सूचना पहुंचायेगा। यदि अशक्त (डिसएबल्ड) गाड़ी का इंजिन अलग किया जाना हो तो इंजन को अलग करने से पूर्व सहायक नियम 6.09 के प्रावधानों का अनुपालन किया जाना चाहिये। वह नियंत्रण/स्टेशन मास्टर को समय–समय पर दी गई सूचना को अद्यतन करेगा।

(6) जब संभव हो वह गंभीर रूप से घायलों को सड़क यातायात द्वारा स्थानीय मदद से निकटतम अस्पतालों में पहुँचाने की व्यवस्था करेगा।

(7) वह टिकट जांच कर्मचारियों तथा उपलब्ध अन्य वाणिज्य कर्मचारियों की मदद से घायलों के लिये चाय, पानी तथा अल्पाहार की व्यवस्था करेगा।

(8) दुर्घटना के संभावित सुरागों को संरक्षित एंव सुरक्षित रखेगा।

(9) रेल सुरक्षा बल, जी.आर.पी. तथा अन्य स्वयं सेवकों की मदद से यात्रियों के सामान तथा रेल संपत्ति की सुरक्षा की व्यवस्था करेगा।

(10) दुर्घटना राहत गाड़ी के पहुंचने तक नियंत्रण कार्यालय को सूचना का नियमित प्रेषण सुनिश्चित करने के लिये फील्ड टेलीफोन वाले व्यक्ति के पास एक रेल कर्मचारी को तैनात करेगा, वह तब तक कार्य करता रहेगा जब तक उसके स्थान पर कोई वरिष्ठ रेलवे पदाधिकारी तैनात नहीं किया जाता।

5) परिवहन निरीक्षक के कर्तव्य–

परिवहन निरीक्षक तीव्रतम साधन द्वारा दुर्घटना स्थल पर पहुंचेगा और निम्न कार्य करेगा–

(1) वह ट्राली, पोर्टर्स, लेम्प, वेन्डर्स, सभी उपलब्ध चिकित्सा उपकरण तथा अन्य कोई उपकरण जिन्हें वह आवश्यक समझता हो, अपने साथ ले जायेगा।

(2) वह घायल तथा मृत रेल यात्रियों के नाम, पता तथा टिकट विवरण यदि कोई हो तो प्राप्त करने की व्यवस्था करेगा और चोट आदि का विवरण प्राप्त कर वाणिज्य कर्मचारियों की मदद से घायलों को सहायता प्रदान करेगा।

(3) दुर्घटनाग्रस्त रेल कर्मचारियों का विवरण एकत्रित करना, दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के चालक के श्वांस परीक्षण तथा चिकित्सा परीक्षण की व्यवस्था करेगा।

(4) यातायात नियमन करने की जिम्मेदारी लेगा, घायलों की देखभाल करेगा, सभी साक्ष्यों के लिये टिप्पणी बनायेगा जो कि दुर्घटना के कारण के निर्धारण में उपयोगी साबित हो सकती है, और किसी अधिकारी के आने तक दुर्घटना स्थल का प्रभारी रहेगा।

(5) सभी गंभीर दुर्घटनाओं के मामलों में विशेषकर जब तोड़–फोड़ की आशंका हो तो फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी की व्यवस्था करेगा। यदि दुर्घटना तोड़फोड़ के कारण होने की आशंका हो तो जब तक पुलिस द्वारा पूरी तरह से गहन परीक्षण नहीं कर लिया जाता इनमें से किसी भी वस्तु को इधर–उधर नही करेगा/न करने देगा।

(6) विस्फोटकों या खतरनाक सामान के कारण हुये गंभीर विस्फोट या अग्निकांड के मामले में सुनिश्चित करेगा कि विस्फोटक या खतरनाक सामान का कचरा तथा मलवा, केवल घायलों के बचाव तथा मृतकों की लाश निकालने के लिये आवश्यक होने संबंधी मामलों को छोड़कर, तब तक स्पर्श न किया जाये, जब तक कि मुख्य निरीक्षक विस्फोटक या उसके प्रतिनिधि द्वारा उसकी जांच पूरी नहीं कर ली जाती या उसके द्वारा यह सूचित नहीं कर दिया जाता कि उसके द्वारा जांच नहीं की जानी है।

(7) यात्री गाड़ी की दुर्घटना के मामले में, अधिक से अधिक स्वतंत्र गवाहों के लिखित साक्ष्य प्राप्त करेगा तथा यह सूचना दुर्घटनास्थल प्रभारी को देगा।

(8) सभी संबद्ध दस्तावेज जैसे स्पीडोमीटर, डायरी, सतर्कता आदेश, गाड़ी सिगनल रजिस्टर, प्राइवेट नंबर शीट, लाइन प्रवेश पुस्तिका आदि जब्त करेगा और यदि आवश्यक है तो संबंधित कर्मचारियों के बयान लेगा। यदि लाइन वैज प्रयोग किये गये हों तो संबंधित प्रत्येक लाइन बैज किसके अधिकार में था, इसे दर्ज करेगा।

(9) उपस्थित अन्य निरीक्षकों/पर्यवेक्षकों की सहायता से निम्न सूचनायें एकत्रित करेगा–

(क) रेलपथ की स्थिति विशेषकर उसका एलाइनमेंट, गेज, क्रासलेबल, घुमाव, सुपर एलीवेशन तथा रेल हेड घिसाव आदि।

(ख) ब्रेक पावर के विशेष संदर्भ के साथ चल स्टॉक की स्थिति।

(ग) रिले कंट्रोलिंग ब्लॉक में प्रवेश तथा ब्लॉक क्लियरेंस सहित ब्लॉक उपकरणों की स्थिति, ब्लॉक उपकरण, सिगनल प्वाइंट, प्वाइंट लीवर्स, इंडीकेटर्स की स्थिति, रूट रिले लॉक इंडिकेटर, चाबी आदि सहित पैनल पर मार्ग सेटिंग की स्थिति।

(घ) स्लीपरों तथा रेलों पर मार्क।

(ङ) पटरी से उतरे वाहनों की स्थिति। जहां संभव हो वहां पटरी से उतरे वाहनों, स्लीपरों पर मार्क आदि का एक कच्चा आरेख तैयार किया जाये।

(च) रेल पथ अथवा चल स्टॉक के अलग हुये तथा टूटे हुये हिस्सों की स्थिति तथा इन हिस्सों को जांच में प्रस्तुत किये जाने के लिये सुरक्षित रखा जाये। इसी प्रकार माउंट तथा ड्रॉप के प्वाइंट्स के बीच पहियों के निशान वाले स्लीपरों तथा रेल को भी सुरक्षित रखा जाये। पटरी से उतरे वाहनों की स्थिति, ढीले रेल पथ तथा इंजिन फिटिंग, रेलपथों पर निशान आदि के फोटोग्राफ लिये जाये, यह जांच समिति के लिये दुर्घटना के कारण तक पहुंचने हेतु उपयोगी होंगे।

टिप्पणी –

उपर्युक्त कार्यों के निष्पादन से घायल यात्रियों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने अथवा अन्य राहत कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं पहुंचनी चाहिये। तोड़फोड़ के मामले में दुर्घटना नियमावली के अध्याय–ट में दिये गये अनुदेशों का भी पालन किया जाना चाहिये।

6) दुर्घटना के मामले में स्टेशन मास्टर के कर्तव्य– किसी दुर्घटना की सूचना मिलने पर स्टेशन नास्टर तुरंत निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेगा –

(1) कोई भी दूसरी गाड़ी प्रभावित ब्लॉक खंड में प्रवेश न करे। दोहरी लाइन पर जहां सभव हो ''गाड़ी लाइन पर स्थिति'' में प्रभावित सेक्शन को नियंत्रित करने वाले ब्लॉक उपकरण के कम्प्यूटेटर को लॉक करेगा।

(2) नियंत्रक को दुर्घटना की जानकारी देगा और अपेक्षित चिकित्सा तथा अन्य सहायता हेतु सूचित करेगा। यदि सेक्शन नियंत्रित नहीं है या नियंत्रण फोन खराब हो, तो मंडल परिचालन प्रबंधक या मुख्य नियंत्रक को सार्वजनिक फोन पर अथवा अन्य उपलब्ध साधन द्वारा सूचित करेगा। निकटतम स्टेशन तथा अन्य बड़े स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों को भी तदनुसार सूचित करेगा। यदि उपलब्ध हो तो रेलवे डाक्टरों को भी सूचित करेगा।

(3) रेलवे तथा जनता की संपत्ति की सुरक्षा एवं हिफाजत हेतु कार्यवाही करेगा।

(4) यदि आवश्यक हो तो निकटतम अस्पतालों, स्वैच्छिक डाक्टरों, दवाखानों तथा डाक्टरों से चिकित्सा सहायता एकत्रित करेगा। दुर्घटना स्थल पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने की दृष्टि से ट्रालियां बाहर भेजी जा सकती है और गाड़ी इंजनों का उपयोग किया जा सकता है अथवा यदि आवश्यक हो तो बाहरी वाहनों की सहायता भी ली जा सकती है इस संबंध में वह स्थानीय पुलिस एवं मजिस्ट्रेट से मदद मांग सकता है।

(5) निर्धारित नियमों के अनुसार सर्व सम्बंधितों को दुर्घटना की रिपोर्ट करेगा।

(6) आफ ड्यूटी रेल कर्मचारियों और उसके स्टेशन पर पंजीकृत स्वयं सेवियों को बुलाना तथा उन्हें राहत तथा बचाव हेतु अलग अलग विशेष तरह के कार्य बांटेगा।

(7) प्रभावित यात्रियों को सभी प्रकार की सहायता जैसे खान पान, पीने का पानी, मानार्थ पास जारी करना, उनके रिश्तेदार आदि को मुफ्त संदेश प्रेषण आदि की व्यवस्था करेगा।

(8) घायल/मृत यात्रियों के नाम तथा गाड़ियों के नियमन/विशाखन (डायवर्सन) आदि से संबंधित जानकारी जनता को देने के लिये पूछताछ खिड़कियां तथा बूथ खोलने की व्यवस्था करेगा। संबंधित जानकारी देने के लिये स्टेशन पर/निकटवती क्षेत्रों में स्थित एसटीडी बूथों का भी उपयोग करेगा।

(9) यातायात क्लियर करने, यानांतरण आदि संबंधी जो भी सहायता अपेक्षित हो उसकी व्यवस्था करना तथा प्रकाश, अल्पाहार, मानव सहायता मुहैया करना और अपने संसाधनों से पूरी की जाने योग्य अन्य जरूरतों का प्रबंधक करेगा।

(10) खंड से अप्रभावित वाहनों को जितनी जल्दी संभव हो, किल्यर करना किन्तु यदि दुर्घटना तोड़फोड़ के कारण घटित हो या तोड़फोड़ की संभावना हो तो वह ऐसा नहीं करेगा और स्थल के अधिकारी के निर्देशों का इंतजार करेगा।

(11) दुर्घटना राहत कार्य पूरा होने तक या उसके स्थान पर कोई सक्षम पदाधिकारी तैनात होने तक नियंत्रण कक्ष से और राहत कार्य के प्रभारी से आदेश प्राप्त करते हुये ड्यूटी पर बना रहेगा।

7) निकटतम स्टेशन के स्टेशन मास्टर के कर्तव्य–

दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर निकटतम स्टेशन का स्टेशन मास्टर सुनिश्चित करेगा कि प्रभावित सेक्शन में कोई दूसरी गाड़ी प्रवेश न करे तथा वह दुर्घटना स्थल का बचाव हेतु अन्य आवश्यक उपाय करेगा और दुर्घटना नियमावली के पैरा 311 (दुर्घटना के मामले में स्टेशन मास्टर के कर्तव्य) में दिये गये सभी अन्य कर्तव्यों का निष्पादन करेगा।

आपदा प्रतिक्रिया – प्रथम सूचना

सूचना देनाः–

(i) सभी सिगनलों को ऑन स्थिति में रखकर यातायात की सुरक्षा की व्यवस्था करें।

(ii) दूसरे छोर पर स्टेशन मास्टर को दुर्घटना की सूचना दें। उसे अपने स्टेशन पर सभी ऑफ ड्यूटी कर्मचारियों को बुलाने और उन्हें दुर्घटना स्थल पर भेजने के लिए कहें ।

(iii) दुर्घटना की सूचना खंड नियंत्रक को दें।

(iv) कन्ट्रोल को दी जाने वाली संबंधित सूचनायें :-

- दुर्घटना का समय व प्रकृति ।
- दुर्घटना का संक्षिप्त विवरण समीपस्थ लाइनें साफ हैं या नहीं।
- चल स्टॉक को नुकसान।
- ओएचई मास्ट क्षतिग्रस्त है या नहीं, और क्षति की सीमा ।
- टीटीई से प्राप्त मृत और घायल, यात्रियों की अनुमानित संख्या।

(v) दुर्घटना के संबंध में निम्नलिखित पदाधिकारियों को सूचना दी जानी चाहिएः

- उस स्टेशन पर तैनात सभी ऑफ ड्यूटी रेल कर्मचारी।
- दोनों छोर पर जंक्शन स्टेशनों के एसएस
- टीआई, एमव्हीआई
- जेई/एसएसई पीवे सुपरवाइजर
- टीआरडी पर्यवेक्षक
- सीएंडडब्ल्यू पर्यवेक्षक
- एसएंडटी पर्यवेक्षक
- एसआई, आरपीएफ, थानेदार, जीआरपी ।
- निकटतम फायर स्टेशन।

(vi)संभावित राहत सहायता के लिए सिविल अधिकारियों, गांव शहर के प्रतिनिधियों और नगर स्वयंसेवकों को सूचित करें।

(vii) निकटतम स्टेशन के पर्यवेक्षक एसएम दुर्घटना स्थल के लिए रवाना होंगे।

चिकित्सा सहायता :–

(i) स्थानीय डॉक्टरों, सिविल और सेना अस्पतालों, नागरिक सुरक्षा या ऐसे किसी संगठन से सहायता के लिए कॉल करें।

(ii) पर्याप्त संख्या में प्राथमिक उपचार बॉक्स और स्ट्रेचर की व्यवस्था करें।

(iii) घायलों को प्राथमिक उपचार देने के लिए स्थानीय चिकित्सा दल को जुटाना और उसे साइट पर भेजना।

(iv) एआरएमई स्केल–ब्प उपकरण को दुर्घटनास्थल पर त्वरित रूप से भेजें

यात्री सहायता :–

(i) जलपानगृह या स्थानीय स्रोतों से पीने के पानी, पेय पदार्थ और जलपान की व्यवस्था

(ii) फंसे हुए यात्रियों को पेय पदार्थ और जलपान निःशुल्क उपलब्ध कराना।
(iii) आपातकालीन काउंटर खोलें और आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करें।
(iv) आरक्षण चार्ट प्राप्त करें और इसे प्रदर्शित करें।
(v) मृत एवं घायलों के बारे में जानकारी एकत्रित करना एवं पूछे जाने पर बताना।
(vi) ट्रेन सेवाओं के डायवर्जन, रद्दीकरण और नियमन के बारे में लगातार घोषणाएं करें।
(vii) मौजूदा नियमों के अनुसार किराए की वापसी की व्यवस्था करें।
(viii) यात्रियों को उनके सामान के साथ मदद करें।

परिवहन सहायता :–

(i) घायल यात्रियों को निकटतम अस्पतालों में प्रथम उपलब्ध साधनों से पहुँचाने के लिए, परिवहन की व्यवस्था करें।
(ii) इस उद्देश्य हेतु ट्रैक्टर–ट्रॉली के अलावा राजमार्ग से गुजरने वाले ट्रकों का भी उपयोग किया जा सकता है।
(iii) फंसे हुए यात्रियों को दुर्घटना स्थल से ले जाने हेतु ट्रेन से या सड़क वाहनों को किराए पर लेकर परिवहन की व्यवस्था की जाये।

सुरक्षा सहायता :–

(i) यात्रियों को उनके सामान सहित एवं रेल सम्पत्ति को सुरक्षा प्रदान करने के लिए आरपीएफ, राज्य पुलिस एवं जीआरपी को सूचित करना।
(ii) उन्हें बचाव और राहत कार्य में सहायता करने के लिए भी कहा जाना चाहिए।

संचार सहायता :–

(i) यात्रियों को पास में उपलब्ध पीसीओ बूथों पर भेजना।
(ii) मृत घायलों के रिश्तेदारों को मुफ्त टेलीग्राम, एसटीडी फोन मोबाइल फोन उपलब्ध कराना।

जनशक्ति भेजना साइट के लिएः–

(i) दुर्घटना स्थल पर आवश्यक समझी जाने वाली सामग्री एवं उपकरणों को यथा शीघ्र कुली, वेंडर, ट्राली के साथ भेजें ।
(ii) यातायात निरीक्षक या संभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यमुक्त किए जाने तक, स्थल के प्रभारी रहें और बचाव राहत कार्य करें ।

सुराग और सबूत का संरक्षण

(i) साइट पर पहले पहुंचने वाले टीआई/एसएम सुराग और सबूतों को संरक्षित करने के लिए कार्रवाई करेंगे।
(ii) स्टेशन/केविन में दुर्घटना से संबंधित रिकॉर्ड सुरक्षित करें ।
(iii) स्टेशन की सीमा के भीतर दुर्घटना होने पर स्लाइड, लीवर, नॉब्स और रिले रूम को सील करें।

(अ) प्रथम सूचना देने वाले के कर्तव्य – रेल कर्मचारी :–

1. गेटमैनः

(i) यदि ट्रेन ने गेट क्लियर नहीं किया है तो गेट बंद रखें।

(ii)यदि आवश्यक हो तो गेट की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं।
(iii) डबल मल्टीपल लाइन सेक्शन पर दुर्घटना क्षेत्र में आने वाली किसी अन्य ट्रेन को खतरा हाथ सिगनल दिखाकर रोकें।
(iv) स्टेशन मास्टर को तुरंत सूचित करने की व्यवस्था करें।
(v) इंटरलॉकिंग में हस्तक्षेप न करें।
(vi) एल सी गेट पर प्रतीक्षा कर रहे या गुजरने वाले सडक वाहनों की सेवाओं का लाभ उठाएं।
(vii) दुर्घटना के संबंध में सूचित करते हुए पास के गांव में सहायता हेतु संदेश भेजें।
(viii) आसपास उपलब्ध– व्यक्तियों और सामग्री को इकट्ठा करें और उन्हें दुर्घटना स्थल की और भेजें
(ix) जब तक अन्य गेटमैन ने प्रभार नहीं लिया है, तब तक उसके कार्यस्थल (गेट) पर बने रहें ।

2. पॉइंट्समैन–

(i) दुर्घटना के मामले में, वह प्रभारी एसएम या ऑन ड्यूटी एमएम/एएसएम के निर्देशों का पालन करने के लिए निकट संपर्क में रहेगा।
(ii) प्रत्येक बचाव और राहत कार्य में यात्रियों की सहायता करेगा ।
(iii) यदि दुर्घटना में शामिल ट्रेन में आग लग जाती है, तो वह पहले श्ऑनश और श्ऑफश ड्यूटी स्टाफ को सूचना देगा और फिर आग बुझाने के लिए स्टेशन पर उपलब्ध अग्निशामक यंत्र पानी की बाल्टी, रेत की बाल्टी का उपयोग करेगा।

(ब) बचाव

(i) सुनिश्चित करें कि बाधित लाइन का बचाव कर लिया गया है।
(ii) अपने अधीन काम करने वाले सभी कर्मचारियों को बचाव और राहत कार्य में सहायता करने का निर्देश देना।
(iii) उन सभी को साइट अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य करना चाहिए।
(iv) हताहतों का आकलन करें और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने की व्यवस्था करें।
(v) घायलों को नजदीकी अस्पताल में शिफ्ट करें ।

(स) संयुक्त जॉच और सुराग और सबूत का संरक्षण

(i) दुर्घटना से संबंधित सभी साक्ष्यों को एकत्रित और रिकॉर्ड करें जैसे–

- ट्रैक एलाईनमेन्ट, क्रॉस लेवल, सुपर एलिवेशन, माउंट और ड्रॉप प्वाइंट्स और तोड़फोड़ आदि के संबंध में ट्रैक की स्थिति की जानकारी लेना।
- ब्रेकपावर और ब्रेकिंग गियर के संदर्भ में चल स्टॉक की स्थिति।
- स्लीपर, रेल, लोकोमोटिव और वाहनों आदि पर सभी निशान विशेष रूप से सुराग के संरक्षण के लिए।
- पटरी से उतरे बाहनों की स्थिति ।
- प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण।

(ii) ट्रेन सिग्रल रजिस्टर लॉग बुक, प्राइवेट नंबर बुक, लाइन एडमिशन बुक, रिले रूम चाबी रजिस्टर, डिस्कनेक्शन मेमो. स्पीड रिकॉर्डर चार्ट और अन्य संबंधित रिकॉर्ड को जब्त और सील करें।
(iii) पैनल स्विच, इंडिकेशन, ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट, रिले रूम की स्थिति, डेटा लॉगर आदि की स्थिति को नोट करें।

(iv) स्विच की स्थिति, ग्राउंड कनेक्शन, पाइंट लॉकिंग, ट्रैक सर्किट का भरा होना, आउटडोर सिग्नल पॉइंट/ गियर्स को हुए नुकसान के विवरण को नोट किया जाना चाहिए।

(v) लोकोमोटिव की स्पीड रिकॉर्डिंग ग्राफ और अन्य सभी रजिस्टरों और लोकोमोटिव की मरम्मत लॉग बुक को जब्त और सील करें।

(vi) प्रोफार्मा के अनुसार ब्रेक पावर और चल स्टॉक के अन्य पहलुओं का विवरण रिकॉर्ड करें।

(vii) चल स्टॉक का संयुक्त माप लिया जाना चाहिए। साइट पर लोको आदि की जॉच और अवलोकन को नोट करें। यदि ऐसा करना संभव न हो तो शेड में इसकी रीडिंग लेने की व्यवस्था करें।

(viii) इन्हें उपलब्धता के आधार पर वीडियो या डिजिटल कैमरे पर भी रिकॉर्ड किया जा सकता है।

(ix) ली गई सभी रीडिंग और नोट किए गए सभी उपकरणों की स्थिति के विवरण पर दुर्घटना स्थल पर सभी 5 विभागों के पर्यवेक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

(x) दुर्घटना में शामिल कर्मचारियों के बयान प्राप्त करें।

(xi) ट्रैक की स्थिति को दर्शाने वाला एक अंतिम स्केच तैयार किया जाये जिसमें ट्रेक का एलाइनमेन्ट, पॉइंट आफ माउन्ट, पॉइंट आफ ड्रॉप, ओएचई मास्ट और प्वाइंट नंबर का उल्लेख किया जाये ।

(xii) स्थिति का सर्वेक्षण करें, आवश्यक सहायता का आकलन करें और मण्डल नियंत्रण कार्यालय को संदेश जारी करें।

(xiii) अपने स्वयं के विभाग से संबंधित स्थिति का प्रभार लें और मण्डल अधिकारियों के साइट पर पहुंचने तक बने रहें।

परिचालन अधिकारी

क्र.	अधिकारी का नाम	पदनाम	मोबाइल नंबर
01	श्री निरीश कुमार राजपूत	वरि.मंडल परिचालन प्रबंधक	9752416900
03	श्री शशांक गुप्ता	मंडल परिचालन प्रबंधक	9752416903
02	डॉ.प्रमोद पंडित जाधव	मंडल परिचालन प्रबंधक–।।	9752410110
06	श्री रोहित सिंह	सहा.मंडल परि.प्रबं.(मूवमेंट)	9752416105
04	श्री आलोक अग्रवाल	सहा.मंडल परि.प्रबं.(गुड्स)	9752416904
05	श्री आशीष कुमार दुबे	सहा.मंडल परि.प्रबं.(कोचिंग)	9752416905

स्टेशन प्रबंधक (सुपरवायजरी)

क्र.	नाम (सर्वश्री	पदनाम	मोबाइल नंबर
01	आर.पी.राय	स्टेशन प्रबंधक हरदा	9752416921
02	देवेन्द्र सिंह चौहान	स्टेशन प्रबंधक इटारसी	9752416924
03	रिक्त	सीवायएम इटारसी	9752416925
04	दिनेश कुमार पाण्डेय	स्टेशन प्रबंधक नर्मदापुरम	9109183781
05	मुजीद अहमद अंसारी	स्टेशन प्रबंधक मंडीदीप	9752416927
06	मनोज महापात्रा	स्टेशन प्रबंधक रानी कमलापति	9752416928
07	एस.एल.मीणा	स्टेशन प्रबंधक भोपाल	9752416930
08	संजय कुमार जैन	सीवायएम निशातपुरा	9752416572
09	सी बी दीक्षित	स्टेशन प्रबंधक विदिशा	9752416931
10	आर.बी.ठाकुर	स्टेशन प्रबंधक गंजबासौदा	9752416932
11	एस.के.शर्मा	स्टेशन प्रबंधक बीना	9752416934
12	डी.वी.एस.कुशवाह	स्टेशन प्रबंधक अशोकनगर	9926884224
13	यू.के.सक्सेना	स्टेशन प्रबंधक गुना	9752416936
14	आर.एस.मीणा	स्टेशन प्रबंधक शिवपुरी	9109183780
15	के.जी.मीणा	स्टेशन प्रबंधक विजयपुर	9752416939

यातायात निरीक्षक / एमव्हीआई

क्र.	नाम (सर्वश्री)	मुख्यालय स्टेशन	खण्ड	मोबाइल नंबर
01	मेघराज लखूजा	टीआई मथेला	मथेला–खिरकिया	9589108076
02	अश्वनि कुमार स्वामी	टीआई हरदा	भिरंगी–धरमकुण्डी	9752416943
03	मो.जावेद अख्तर	एमवीआई इटारसी	डोलरिया–पंवारखेड़ा	8982820425
04	एन के मीना	टीआई भोपाल (दक्षिण)	नर्मदापुरम–मिसरोद	9752416945
05	गौतम बसु	एमवीआई भोपाल	RKMP to SHRN	9109183779
06	राजेश तिवारी	टीआई भोपाल (उत्तर)	सूखी सेवनिया–गुलाबगंज	9752416946
07	राकेश पुरोहित	टीआई बीना	पिपरईगांव–बीना	9752416947
08	डी.के.त्यागी	टीआई अशोकनगर	महादेवखेड़ी–ओर	9406984924
09	दिलीप कुमार अग्रवाल	टीआई गुना	HPKA to MINA	9752416948
10	राजेश भार्गव	टीआई पनिहार	बदरवास–पनिहार	9685961838
11	सतीश चंद्र वर्मा	टीआई शाजापुर	ब्यावराराजगढ़–शाजापुर	9752416949
12	अजय पटेल	टीआई इटारसी	इटारसी– बरखेड़ा	9752416944

रेल सुरक्षा बल

01- आपदा प्रबंधन टीम

आपदा प्रबंधन टीम रेल सुरक्षा बल इटारसी क्षेत्र				
क्र.	नाम	रैंक	मुख्यालय	मोबाइल नंबर
01	श्री एस के बाजपेई	निरीक्षक	इटारसी स्टेशन	9752416725
02	सुश्री पिंकी झारिया	उप निरी.	इटारसी स्टेशन	8435246277
03	श्री हरेन्द्र कुमार	आरक्षक	इटारसी स्टेशन	9560421921
04	श्री महेश कुमार गुप्ता	आरक्षक.	इटारसी स्टेशन	9893814369
05	श्री धमेन्द्र	उप निरी	बानापुरा स्टेशन	7974848845
06	श्री राजवीर सिंह	उप निरी	इटारसी यार्ड	8770534068
07	श्री सतवीर सिंह	प्र.आर.	इटारसी यार्ड	9179056537
08	श्री असलम जावेद	प्र.आर	इटारसी यार्ड	8926478234
09	श्री विक्रम	आरक्षक	इटारसी यार्ड	8305780475
10	श्री सन्तोष पटेल	उप निरी	नर्मदापुरम	9752416730
11	श्री शैलेन्द्र तिवारी	स.उ.नि.	रेसुब हरदा पोस्ट	8839648205
12	श्री मुकेश सिंह राजपूत	आरक्षक	रेसुब हरदा पोस्ट	8839293445
13	श्री नितिन अमरोही	प्र.आर	रेसुब हरदा पोस्ट	8454862941
14	श्री जाबिर खान	आरक्षक	रेसुब छनेरा आ.पो	8299567234
15	श्री नरेन्द्र कुमार खोथ	आरक्षक	रेसुब छनेरा आ.पो	9755877593

आपदा प्रबंधन टीम रेल सुरक्षा बल भोपाल क्षेत्र				
01	श्री अनिल कुमार	निरीक्षक	भोपाल पोस्ट	9752416721
02	श्री अवधेश कुमार	उप निरी	भोपाल पोस्ट	8273648762
03	श्री सर्वेश सिंह	प्र .आर	भोपाल पोस्ट	9340807083
04	श्री मनीष पूनियां	आरक्षक	भोपाल पोस्ट	9516833001
05	श्री सतेन्द्र कुमार	आरक्षक	भोपाल पोस्ट	9098577606
06	श्री बी.एम. तिवारी	सउनि	रानी कमलापति	993438094
07	श्री मुकेश सैनी	प्र.आर.	रानी कमलापति	9001058748
08	श्री राजेंद्र कुमार मीना	आरक्षक	रानी कमलापति	8432222429
09	श्री गजेंद्र सिह यादव	आरक्षक	रानी कमलापति	8770634180
10	श्री रामवीर सिंह	आरक्षक	रानी कमलापति	9001819573
11	श्री प्रमोद सिंह चौहान	प्र.आर.	भोपाल रिजर्व	9770913790
12	श्री अनिल कुमार शर्मा	आरक्षक	भोपाल रिजर्व	9085818010
13	श्री रामकिशोर शेरावत	आरक्षक	भोपाल रिजर्व	9571668448
14	श्री पवन कुमार	आरक्षक	सडिपुका	9893131320
15	श्री महेंद्र कुमार	आरक्षक	सडिपुका	9518221466

2-Equipment, Items and material essential for Disaster Management on Bhopal Division

S No	Item description	Qty.	Location
01	Barricades	**74 Nos (Fix- 30, Moving-44)**	**Over Bhopal Division**
02	Binocular	**31 Nos**	
03	Binocular(Night vision)	**Nil**	
04	Boat (Floating)	**Nil**	
05	Boat (Inflated)	**Nil**	
06	Body Protector	**112 Nos**	
07	Boot (Gum)	**Nil**	
08	Camera (Body Worm)	**12 Nos**	
09	Camera(Digital)	**15 Nos**	
10	Camera(HW)	**09 Nos**	
11	Chair	**337 Nos (For Office Use)**	
12	Drone	**Nil**	
13	Emergency Light	**18 Nos**	
14	Finger Print Kit	**77 Nos**	
15	Fire Bucket	**02 Nos**	
16	Fire Extinguisher	**83 Nos**	
17	First aid box	**28 Nos**	
18	Hammer	**Nil**	
19	Hand Gloves	**Nil**	
20	Helmet(B P)	**30 Nos**	
21	Helmet(Poly)	**Nil**	
22	Helmet(Riot FRP)	**88 Nos**	
23	Helmet(Top Lamp)	**11 Nos**	
24	Jacket(BP)	**30 Nos**	
25	jacket (Luminous)	**119 Nos**	
26	Ladder	**Nil**	
27	Lathi	**597 Nos (Poly Carbonate- 587, Wooden-10)**	
28	Loud Hailer/Megaphone	**12 Nos**	
29	Night Vision Device	**Nil**	
30	Pipe/Pole	**100 Nos**	
31	Queue Manager	**100 Nos**	
32	Rope	**37 Bundles (1000 Meters each)**	
33	Search light	**11 Nos**	
34	Shield PC (Guard)	**135 Nos**	
35	Shin Guard	**60 Nos**	
36	Stretchers	**Nil**	
37	Stretchers(Folding)	**14 Nos**	
38	Table Plastic	**02 Nos**	
39	Tape (Fluorescent Tape)	**Nil**	
40	Tent	**05 Nos**	
41	Torch	**Nil**	
42	Traffic Cone	**132 Nos**	
43	VHF Sets	**17 Nos**	
44	Walkie Talkie	**282 Nos**	

BDDS Equipments Available with RPF

S No	Item description	Qty.	Location
01	HHMD	**45 Nos**	**Over Bhopal Division**
02	RSP Tool kit	**02 Nos**	
03	Blanket for Bomb Supperssion	**02 Nos**	
04	Basket for Bomb	**02 Nos**	
05	Stethoscope Electronic	**Nil**	
06	Telescope Manipulator	**Nil**	
07	Explosive Vapour Detector	**Nil**	
08	Bomb Suit	**02 Nos**	
09	Vehicle Under Frame Search Mirror Trolly	**16 Nos**	
10	Deep Search Metal Detector	**Nil**	
11	Non-Liner Junction Detector	**Nil**	

सिगनल और दूरसंचार विभाग

आपदा के दौरान संकेत एवं दूरसंचारअधिकारियों और पर्यवेक्षकों के कर्तव्य-:

ड्यूटी पर एसएसई/जेई/टेस्ट रूम

1. किसी भी आपदा की सूचना मिलने के तुरंत बाद, ड्यूटी पर्यवेक्षक पहले स्थान, आपदा की प्रकृति, एआरटी/एआरएमवी की आवाजाही आदि की प्रारंभिक जानकारी लेगें, फिर वे सभी संबंधित एस एंड टी अधिकारियों और एसएसई/टेली/टेस्ट रूम को सूचित करेंगे।
2. ड्यूटी पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि एआरटी/एआरएमवी के नामित कर्मचारी एआरटी/एआरएमवी द्वारा साइट की ओर बढ़ेंगे। एसएसई/टेली/टेस्टरूम तुरंत टेस्टरूम में पहुंचना चाहिए।
3. ड्यूटी पर्यवेक्षक संबंधित एस एंड टी पर्यवेक्षकों को पहले उपलब्ध माध्यम से साइट पर पहुंचने के लिए सूचित करेंगे। उसके बाद वे एस एंड टी उपकरण कीभागीदारी, क्षति की सीमा, ट्रेन संचालन पर प्रभाव आदि सहित आपदा का विवरण एकत्र करेंगे और संबंधित एस एंड टी अधिकारियों को सूचित करते रहेंगे।
4. टेस्टरूम में "आपदा प्रबंधन" के लिए अलग रजिस्टर रखा जाना चाहिए और समय के साथ सभी विकास इस रजिस्टर में ड्यूटी पर्यवेक्षक द्वारा दर्ज किए जाने चाहिए।
5. टेस्टरूम में ड्यूटी पर्यवेक्षक आवश्यक सहायता और जानकारी साझा करने के लिए अन्य विभागीय और मंडल नियंत्रणों के साथ समन्वय करेंगे।
6. वह संचार चैनलों के परीक्षण में फील्ड स्टाफ की सहायता करेंगे और किसी भी संचार विफलता के मामले में, वह यह सुनिश्चित करेंगे कि बैकअप व्यवस्था तुरंत हो और जितनी जल्दी हो सके विफलता को हटा दिया जाए।

अनुभागीय कर्मचारी (दूरसंचार):

1. आपदा की सूचना मिलने पर संबंधित अनुभागीय पर्यवेक्षक कर्मचारियों और उपकरणों के साथ पहले उपलब्ध साधनों से तुरंत साइट की ओर बढ़ेंगे।
2. साइट पर पहुंचने के तुरंत बाद अनुभागीय पर्यवेक्षक टेस्टरूम को जानकारी देंगे।
3. साइट पर पहुंचने के बाद दूरसंचार कर्मचारी तुरंत पोर्टेबल आपातकालीन नियंत्रण फोन और सैटेलाइट फोन सहित आपातकालीन संचार के प्रावधान की व्यवस्था करेंगे। इन्हें उपलब्ध कराने के बाद संबंधित कर्मचारी तुरंत टेस्ट रूम को सूचित करेंगे।
4. इसके बाद दूरसंचार कर्मचारी साइट पर रेलवे और बीएसएनएल टेलीफोन के प्रावधान के लिए आवश्यक व्यवस्था भी करेंगे। इसके लिए नजदीकी स्टेशन के बीएसएनएल टेलीफोन को साइट पर या ऑटो डायलर के जरिए बढ़ाया जा सकता है।
5. दूरसंचार कर्मचारियों को सभी साक्ष्यों को संरक्षित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए और उपलब्ध परिचालन, इंजीनियरिंग, यांत्रिक पर्यवेक्षकों के साथ दूरसंचार गियर की संयुक्त टिप्पणियों को रिकॉर्ड करना चाहिए।

6. इसके बाद दूरसंचार पर्यवेक्षक दूरसंचार उपकरणों को हुए नुकसान का आकलन करेंगे और बहाली के लिए आवश्यक सामग्री की एक सूची तैयार करेंगे। इस सूची को टेस्टरूम में दोहराया जाना चाहिए।

7. स्थल पर उपलब्ध सामग्री के साथ संयुक्त निरीक्षण करने के बाद तत्काल बहाली का कार्य शुरू किया जाना चाहिए।
9. संबंधित अधिकारियों के अनुरोध के अनुसार एआरटी/एआरएमवी में उपलब्ध वॉकी टॉकी सेट रेलवे कर्मचारियों को साइट पर जारी किए जाने चाहिए। प्रत्येक वॉकी टॉकी सेट के लिए संबंधित स्टाफ/अधिकारी की व्यक्तिगत पावती एआरटी/एआरएमवी में उपलब्ध रजिस्टर में ली जानी चाहिए। बहाली के बाद सेट को वापस करने की जिम्मेदारी संबंधित स्टाफ की होगी।
10. साइट पर सभी पर्यवेक्षकों और अधिकारियों को लगातार अंतराल पर साइट पर विकास के बारे में टेस्टरूम को सूचित करना चाहिए।

ड्यूटी पर एसआई/कंट्रोल

1. किसी भी आपदा की सूचना मिलने के तुरंत बाद, एसआई/कंट्रोलपहले स्थान, आपदा की प्रकृति, एआरटी/एआरएमवी की आवाजाही आदि की प्रारंभिक जानकारी लेंगे, फिर वे सभी संबंधित एस एंड टी अधिकारियों एवं एसएसई (सिग) कंट्रोल को सूचित करेंगे।
2. एसएसई (सिग) कंट्रोल को तुरंत कंट्रोल ऑफिस पहुंचना चाहिए।
3. एसआई/(सिग) कंट्रोल संबंधित एस एंड टी पर्यवेक्षकों को पहले उपलब्ध माध्यम से साइट पर पहुंचने के लिए सूचित करेंगे। उसके बाद वे एस एंड टी उपकरण की भागीदारी, क्षति की सीमा, ट्रेन संचालन पर प्रभाव आदि सहित आपदा का विवरण एकत्र करेंगे और संबंधित एस एंड टी अधिकारियों को सूचित करते रहेंगे।
4. एसआई/कंट्रोल में "आपदा प्रबंधन" के लिए अलग रजिस्टर रखा जाना चाहिए और समय के साथ सभी विकास इस रजिस्टर में ड्यूटी पर्यवेक्षकों द्वारा दर्ज किए जाने चाहिए।
5. एसएसई/डेटालागर को तुरंत नियंत्रित करने के लिए बुलाया जाएगा और डेटालागर रिपोर्ट निकाल ली जाएगी।
6. एसआई/कंट्रोल में ऑन ड्यूटी सुपरवाइज़र आवश्यक सहायता और जानकारी साझा करने के लिए अन्य विभागीय और मंडल नियंत्रणों के साथ समन्वय करेंगे।

अनुभागीय कर्मचारी (सिगनलिंग):

1. आपदा की सूचना मिलने पर संबंधित अनुभागीय पर्यवेक्षक कर्मचारियों और उपकरणों के साथ पहले उपलब्ध साधनों से तुरंत साइट की ओर बढ़ेंगे।
2. साइट पर पहुंचने के तुरंत बाद अनुभागीय पर्यवेक्षक एसआई/कंट्रोल को सूचना देंगे।
3. सिगनलिंग स्टाफ को सभी साक्ष्यों को तत्काल संरक्षित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए। उपलब्ध संचालन के साथ, इंजीनियरिंग, यांत्रिक पर्यवेक्षकों, पैनल की स्थिति का संयुक्त अवलोकन, ब्लॉक उपकरण की स्थिति, पैनल काउंटर रीडिंग, साइट की स्थिति आदि को साइट पर पहुंचने के तुरंत बाद सिग्नलिंग पर्यवेक्षकों द्वारा लिया जाना चाहिए। संयुक्त टिप्पणियों में किसी भी और सभी असामान्य को नोट किया जाना चाहिए। सिगनलिंग गियर्स का संचालन संयुक्त अवलोकन करने के बाद ही किया जाना चाहिए।
4. आपदा से प्रभावित गियर को संबंधित पर्यवेक्षक द्वारा तुरंत निलंबित कर दिया जाना चाहिए और किसी भी असुरक्षित पक्ष की विफलता की संभावना से बचने के लिए बहाली और पूर्ण परीक्षण के बाद ही संचालन के लिए सौंप दिया जाएगा।
5. इसके बाद सिगनल पर्यवेक्षक सिगनल उपकरण को हुए नुकसान का आकलन करेंगे और बहाली के लिए आवश्यक सामग्री की सूची तैयार करेंगे। इस सूची को एसआई/कंट्रोल में दोहराया जाना चाहिए।
6. स्थल पर उपलब्ध सामग्री के साथ संयुक्त निरीक्षण करने के बाद तत्काल बहाली का कार्य शुरू किया जाना चाहिए।
7. साइट पर सभी पर्यवेक्षकों और अधिकारियों को लगातार अंतराल पर साइट पर विकास के बारे में एसआई/कंट्रोल को सूचित करना चाहिए।

नियंत्रण कार्यालय में नामित एस एंड टी अधिकारीः

1. नियंत्रण कार्यालय में नामित अधिकारी बहाली के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करेगा और साइट पर सामग्री के परिवहन की व्यवस्था भी करेगा।
2. नियंत्रण कार्यालय में नामित अधिकारी को साइट पर विकास के बारे में सीनियर डीएसटीई (सम.), संबंधित सीनियर डीएसटीई/डीएसटीई और मुख्यालय को सूचित करना जारी रखना चाहिए।
3. वह यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी घटनाक्रम एसआई/कंट्रोल और टेस्टरूम में रखे गए आपदा प्रबंधन रजिस्टरों में दर्ज हैं।
4. वह एसआई/कंट्रोल और टेस्टरूम के कामकाज की देखरेख करेंगे और संबंधित नियंत्रण कार्यालय और फील्ड स्टाफ को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

साइट पर नामित एस एंड टी अधिकारीः

1. आपदा की सूचना मिलने के बाद अनुभागीय एडीएसटीई को तुरंत साइट पर जाना चाहिए।
2. वे साइट पर संबंधित पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों की आवाजाही का समन्वय और सुनिश्चित करेंगे।
3. साइट पर पहुंचने के बाद वे साइट पर संयुक्त माप की रिकॉर्डिंग और संचार व्यवस्था स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।
4. वह साइट पर बहाली के काम की निगरानी करेंगे ताकि कम से कम समय में और पूरी सुरक्षा के साथ एस एंड टी गियर्स को बहाल किया जा सके।
5. साइट पर मौजूद सभी अधिकारियों को लगातार अंतराल पर साइट पर विकास के बारे में नियंत्रण को सूचित करना चाहिए।

महत्वपूर्ण टेलीफोन नंबर

आपातकालीन नियंत्रण कोटा

टेलीफोन नंबर 0744–2467135 में आईएसडी/एसटीडी सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। आपातकालीन नियंत्रण। टेलीफोन का डायनेमिक लॉकिंग कोड सीएचसी/आपातकालीन के पास उपलब्ध है।

आपातकालीन नियंत्रण में निम्नलिखित टेलीफोन दिए गए हैं।

क्र. सं.	एमटीएनएल/बीएसएनएलफोन नंबर	सुविधा	अधिकारी
1.	**1072**	आई/सी(4 लाइन, 4 अंक) डिप्टी कंट्रोल	डिप्टी कंट्रोल
2.	**0744–2467135**	आईएसडी/एसटीडी	कंट्रोल
3.	**0744–2467136**	एसटीडी	रिकॉर्डर
4.	**0744–2467134**	एसटीडी	सीसीआर
5.	**0744–2467133**	एसटीडी	पीसीआर
6.	**0744–2467129**	एसटीडी	टीएलसी
7.	**0744–2467260**	–	इंजीनियरिंग/ कंट्रोल
8.	**0744–2467128**	एसटीडी	टीपीसी, कोटा नागदा,
			कोटा –गंगापूर सिटी
	0744–2467271	एसटीडी	गंगापूर सिटी–मथुरा,
			कोटा –रुठियाई

9.	**0744–2467021**	एसटीडी	सीएमआई / कंट्रोल
10.	**0744–2467152**	एसटीडी	सुरक्षा नियंत्रण
11.	**744–2467147**	एसटीडी एसआई	नियंत्रण
12.	**0744–2467171**	एसटीडी	टेस्टरूम
13.	**0744–2467172**	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष

अन्य नियंत्रण

क्र.सं.	रेलवे	सुविधा	अधिकारी
1.	**44640, 44, 46**	एसटीडी	कंट्रोल प्रभारी, कंट्रोल स्टॉक
2.	**44628 और 35**	एसटीडी	रिकॉर्डर और एचटीएनसी
3.	**44514, 16**	एसटीडी	सीसीसीआर और सीसीआर
4.	**44510 और 12**	एसटीडी	सीपीसीआर और पीसीआर
5.	**44390 और 92**	एसटीडी	सीटीएलसी और टीएलसी
6.	**44444 और 48**	एसटीडी	इंजीनियरिंग। /नियंत्रण
7.	**44362 से 65**	एसटीडी	टीपीसी
8.	**44216**	एसटीडी	सीएमआई / नियंत्रण
9.	**44866**	एसटीडी	एसआई / नियंत्रण
10.	**45050, 52,54,56,58,60**	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष
11.	**33840**	एसटीडी	फैक्स रेलवे

जिम्मेदारी –

प्राथमिक– जेई/एसएसई (टेली)/एक्सचेंज/कोटा
स्टैंडबाय– एसएसई (टेली) रखरखाव/कोटा

आपातकालीन नियंत्रण जबलपुर

टेलीफोन नंबर 0761–2627382 आईएसडी/एसटीडी सुविधा वाले आपातकालीन नियंत्रण में पहले से ही उपलब्ध है। टेलीफोन का डायनेमिक लॉकिंग कोड सीएचसी/आपातकालीन के पास उपलब्ध है।
आपातकालीन नियंत्रण जबलपुर में निम्नलिखित टेलीफोन उपलब्ध कराए गए हैं।

क्र.सं.	एमटीएनएल/बीएसएनएल फोन नंबर	सुविधा	अधिकारी
1.	0761–2623915	आईएसडी	कंट्रोल (मुख्य) (माल)
	0761–2678953	एसटीडी	
2.	0761–2627382	एसटीडी	कंट्रोल (पी)
3.	1072	आई/सी (5 लाइन हटिग, 4 अंक)	डिप्टी कंट्रोल
4.	0761–2620245	एसटीडी डीवाई	कंट्रोल स्टॉक
5.	0761–2677638	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष
6.	0761–2677639	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष
7.	0761–2677640	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष
8.	0761–2677641	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष
9.	0761–2677642	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष
10.	0761–2627480		वाणिज्यिक नियंत्रण
11.	0761–2679020		अभियांत्रिकी नियंत्रण

अन्य नियंत्रण

क्र.सं.	रेलवे	सुविधा	अधिकारी
1.	**55636, 55633**	एसटीडी	कंट्रोल
2.	**55644**	एसटीडी	कंट्रोल (पी)
3.	**55640, 55646**	एसटीडी डीवाई	कंट्रोल स्टॉक
4.	**55132 और 33**	एसटीडी	वाणिज्यिक नियंत्रण
5.	**55438**	एसटीडी	सीसीआर
6.	**55434**	एसटीडी	पीसीआर
7.	**55210 और 11**	एसटीडी	टीएलसी
8.	**55212 और 13**	एसटीडी	टीपीसी
9.	**55818 और 23**	एसटीडी	एसआई नियंत्रण
10.	**55333**	एसटीडी	इंजीनियरिंग नियंत्रण
11.	**55832, 55833**	एसटीडी	परीक्षण कक्ष

आपदा प्रबंधन कक्ष (क्षेत्रीय मुख्यालय)

1	सैटेलाइट	फोन नहीं
2.	आईएसडी	फोन नहीं
3.	बीएसएनएल	एसटीडी 0761–2626687 और 88
4.	रेलवे	एसटीडी 015–54261 और 62
5.	केंद्रीय नियंत्रण	एसटीडी (रेलवे)015–54246, 47 और 48
6.	केंद्रीय नियंत्रण	एसटीडी (बीएसएनएल) 0761–2677070
7.	वाणिज्यिक नियंत्रण	एसटीडी (रेलवे) 015–54535 और 54536
8.	वाणिज्यिक नियंत्रण	एसटीडी (बीएसएनएल) 0761–2677072

आपातकालीन नियंत्रण भोपाल

टेलीफोन नंबर 0755–2470021 आईएसडी/एसटीडी सुविधा वाला आपातकालीन नियंत्रण में पहले से ही उपलब्ध है। टेलीफोन का डायनेमिक लॉकिंग कोड सीएचसी/आपातकालीन के पास उपलब्ध है।

आपातकालीन नियंत्रण में निम्नलिखित टेलीफोन दिए गए हैं।

क्र.सं.	सुविधा	एमटीएनएल/बीएसएनएल फोन नंबर	अधिकारी
1	**0755–2470021**	आईएसडी/एसटीडी	कंट्रोल
2	**1072 आई/सी**	(8 लाइन, 4 अंक) (3 नंबर एयरटेल और 5 नंबर बीएसएनएल)	आपदा प्रबंधन कक्ष
3	**0755–2470022**	एसटीडी उप	कंट्रोल
4	**0755–2454602**	एसटीडी	वाणिज्यिक नियंत्रण.
5	**0755–4001600**	–	परीक्षण कक्ष.
6	**0755–2488302**	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष
7	**8991124145**	सैटेलाइट	(TEST ROOM)

अन्य नियंत्रण

क्र.सं.	रेलवे	सुविधा	अधिकारी
1.	**55612**	एसटीडी	कंट्रोल
2.	**55620**	एसटीडी	डिप्टी कंट्रोल (पी)
3.	**55116**	एसटीडी	वाणिज्यिक नियंत्रण
4.	**55420 और 22**	एसटीडी	सी एंड डब्ल्यू
5.	**55424 और 54**	एसटीडी	पीसीआर
6.	**55264 और 66**	एसटीडी	टीएलसी
7.	**55212, 14, 16 और 18**	एसटीडी	टीपीसी
8.	**55324 और 55326**	एसटीडी	इंजीनियरिंग नियंत्रण
9.	**55823 और 33**	एसटीडी	एसआई नियंत्रण
10.	**55832 और 34**	एसटीडी	परीक्षण कक्ष
11.	**55780**	एसटीडी	आपदा प्रबंधन कक्ष

आपातकालीन नियंत्रण रतलाम

आपातकालीन नियंत्रण में आईएसडी/एसटीडी सुविधा वाले टेलीफोन नंबर 07412–232865 पहले से ही उपलब्ध हैं। टेलीफोन का डायनेमिक लॉकिंग कोड सीएचसी/आपातकालीन के पास उपलब्ध है।
आपातकालीन नियंत्रण में निम्नलिखित टेलीफोन दिए गए हैं।

क्र. सं.	एमटीएनएल/बीएसएनएल फोन नंबर	सुविधा	अधिकारी
1.	07412&232865	आईएसडी/एसटीडी	कंट्रोल
2.	1072		आई/सी (४ लाइन, ४ अंक) और एचटीसी कार्यालय सीएमआई नियंत्रण, पूछताछ
3.	07412&235122	एसटीडी	परीक्षण कक्ष
4.	07412&230551	एसटीडी	वाणिज्यिक नियंत्रण

अन्य नियंत्रण

क्र.सं.	रेलवे	सुविधा	अधिकारी
1	**44610**	एसटीडी	कंट्रोल
2	**44616**	एसटीडी	कंट्रोल स्टॉक
3	**44217**	एसटीडी	वाणिज्यिक नियंत्रण
4	**44218**	एसटीडी	वाणिज्यिक नियंत्रण
5	**44517 और 18**	एसटीडी	सीसीआर
6	**44509, 11 और 12**	एसटीडी	पीसीआर
7	**44386 और 88**	एसटीडी	टीएलसी
8	**44362 और 63, 64**	एसटीडी	टीपीसी
9	**44425 और 37**	एसटीडी	इंजीनियरिंग। नियंत्रण
10	**44872 और 73**	एसटीडी	एसआई नियंत्रण
11	**44838, 40 और 41**	एसटीडी	परीक्षण कक्ष
12	**44320**	एसटीडी	इलेक्ट्रिक कंट्रोल

इंजीनियरिंग विभाग

अधिकारियों और कर्मचारियों को संघटित करना:

कंट्रोल आफिस से सूचना प्राप्त होने पर निम्नलिखित को इस क्रम में सूचित किया जाएगा–

i. अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर
ii. अनुभागीय प्रभारी वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/रेल पथ
iii. अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर
iv. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय)
v. इंजीनियरिंग कंट्रोल/मुख्यालय, जबलपुर
vi. सहायक मंडल इंजीनियर (ट्रेक मशीन)
vii. उप मुख्य इंजीनियर/ब्रिज लाइन, मुख्यालय भोपाल एवं जबलपुर
viii. सहायक राहत गाडी (ए.आर.टी.) में इंजीनियरिंग विभाग के सामान के प्रभारी वरि.अनु. इंजीनियर (रे.प.) (यार्ड) इटारसी, (उत्तर) भोपाल, (उत्तर) बीना, गुना ।

अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर एवं अनुभागीय वरि.अनु.इंजीनियर (रे.प.) पहले उपलब्ध माध्यमों से आगे बढ़ेंगे। अनुभागीय वरि. मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर एआरटी या पहले उपलब्ध माध्यम से दुर्घटना स्थल पर जाएंगे। अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर की अनुपस्थिति में निम्नलिखित वैकल्पिक अधिकारी कार्यवाहीकरेंगे।

अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर	**वैकल्पिकअधिकारी**
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मध्य
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/दक्षिण	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मध्य
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मध्य	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर /दक्षिण
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/उत्तर	मंडल इंजीनियर/पश्चिम
मंडल इंजीनियर/पश्चिम	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/उत्तर
मंडल इंजीनियर/पश्चिम	मंडल इंजीनियर/मुख्यालय
मंडल इंजीनियर/मुख्यालय	मंडल इंजीनियर/ पश्चिम

अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर अवकाश पर होने की स्थिति में, वैकल्पिक सहायक मंडल इंजीनियर को निम्नलिखित व्यवस्था के अनुसार आगे बढ़ना चाहिएः

अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर	**वैकल्पिकसहा.म.इंजीनियर**
हरदा	इटारसी
इटारसी	हरदा
भोपाल	विदिशा
विदिशा	भोपाल
बीना	गुना
गुना	बीना
शाजापुर	शिवपुरी
शिवपुरी	शाजापुर
कार्य/इटारसी	कार्य/भोपाल
कार्य /भोपाल	कार्य /इटारसी
ट्रेक मशीन/भोपाल	कार्य /भोपाल

अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर दुर्घटना स्थल को प्रस्थान करने से पूर्व यदि दुर्घटना स्थल के पास पुल या अन्य संरचना प्रभावित हुई हो तो वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर कार्य को साइट पर जाने का आदेश देगा ताकि वह अन्य संरचना के शामिल होने की संभावना की जॉच करेगा।

इंजीनियरिंग नियंत्रक (कंट्रोल):

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय मंडल के इंजीनियरिंग कंट्रोल में जायेंगे।वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय द्वारा नामित अन्य वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर आवश्यकता पड़ने पर बारी–बारी से इंजीनियरिंग कंट्रोल में कार्य करेंगें। मंडल में उपलब्ध वरिष्ठतम अधिकारी मुख्यालय की सभी गतिविधियों का समन्वयक होगा। वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मध्य उनका कार्य देखेंगे।वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मध्य के उपलब्ध न होने की स्थिति में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/उत्तर द्वारा कार्य देखा जाएगा।

कार्यदल और रेल पथ सामग्री को इकट्ठा करनाः

मंडल में दुर्घटनाः–

अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर, वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/रेल पथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर प्रभावित रेल पथ, टर्नआउट (कांटे), पुल आदि सहित रेल पथ के लिए क्षति की सीमा का पता लगाएगा और इंजीनियरिंग कंट्रोल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय को स्थिति बताएगा। नियंत्रक मंडल में रेल पथ सामग्री की स्थिति तक पहुॅचने के बाद अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर अंततः इंजीनियरिंग कंट्रोल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय को अपनी आवश्यकता बताएंगे।

परिवहन किराए पर लेने के बाद स्थानीय उपलब्ध रेल पथ सामग्री को सड़क मार्ग से ले जाया जायेगा। अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर साइट पर आकस्मिक आवश्यकता के लिए जैसे मशीनरी तथा उपकरण, किराये से परिवहन इत्यादि के लिए स्टेशन की आय से धन राशि प्राप्त करने हेतु मांग पत्र इंजीनियरिंग कंट्रोल के द्वारा भेजेगा।

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय रेल पथ सामग्री वाले इंजीनियरिंग/एआरटी को साइट पर ले जाने का आदेश देगा।

वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक को इसे तुरंत स्थानांतरित करने के लिए कहा जाएगा।

यदि मंडल के भीतर सामग्री की आवष्यकता पूरी नहीं होती है तो मुख्यालय (मुख्य रेल पथ इंजीनियर प.म.रे) को इसकी व्यवस्था करने की सलाह दी जाएगी।

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/भोपाल एवं मंडल इंजीनियर (पश्चिम) भोपाल के निर्देशानुसार रेल पथ सामग्री जारी करने के लिए वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/भंडार/भोपाल केन्द्रिय डिपो में उपलब्ध रहेगा।

कार्य बलः

अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर अपने उपमंडल के श्रमिकों की आवाजाही का आदेष देगा। आमतौर पर एक उप मंडल के भीतर 100 कर्मचारी जुटाए जाते हैं। उन्हे या तो ट्रक या ट्रेन से ले जाया जाएगा, जो भी पहले उपलब्ध हो। अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मं. अभि. अतिरिक्त कार्य बल की आवश्यकता को वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय को बताएगा। 50 कर्मचारी, 01 लोहार एक पर्यवेक्षक के साथ प्रत्येक उपखंड से सड़क या रेल मार्ग से साइट पर जायेंगे, जैसा कि वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय द्वारा निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय भोपाल के साथ चर्चा के बाद वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक द्वारा श्रमिक स्पेशल का आयोजन किया जाएगा। एक वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/रेल पथ या वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/कार्य को अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर के निर्देशों के अनुसार साइट पर पहुॅचने वाले श्रमिकों और पर्यवेक्षकों का विवरण रखने और कार्य वितरित करने के लिए साइट पर प्रतिनियुक्त किया जायेगा। यदि रेल पथ बहाली में 12 घंटे से अधिक लगने की संभावना है तब वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के लिए राहत की व्यवस्था करेगा।मंडल के ऊपर और ऊपर किसी भी

सहायता की आवश्यकता होगी तब वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय इंजीनियरिंग मुख्यालय/जबलुपर, को आसपास के मंडलों से मदद मांगने के लिएसंदेश प्रसारित करेगा।

सटे मंडल में दुर्घटनाः

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय/भोपाल, मुख्यालय से सूचना प्राप्त होने पर एक आसन्न उपमंडल से 50 कर्मचारियों, 01 लोहार एवं 01 पर्यवेक्षक कोभेजेगा। प्रधान इंजीनियर/प. म.रे. या मुख्य रेल पथ इंजीनियर प.म.रे. के निर्देश प्राप्त होने पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय एक वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर और एक सहायक मंडल इंजीनियर को कर्मचारियों के साथ स्थान पर जाने का आदेश प्रसारित करेगा जैसा कि अन्य मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय के साथ संयुक्त रूप से तय किया गया है।

सहायक राहत गाडी (एआरटी) पर इंजीनियरिंग सामग्रीः

इंजीनियरिंग सामग्री निर्धारित पैमाने के अनुसार इंजीनियरिंग वैगन में भरी हुई है। इटारसी/भोपाल/बीना/गुना का रखरखाव वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/रेल पथ/(यार्ड)इटारसी, (उत्तर)भोपाल, उत्तर/बीना, गुना द्वारा किया जाएगा और इसकी जांच सहायक मंडल इंजीनियर/अनु./इटारसी/भोपाल/बीना/गुना द्वारा नियमित तौर पर की जाएगी।

इन वैगनों को वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय के आदेश के अनुसार स्थानांतरित किया जाएगा। प्रत्येक चाल के बाद उपयोग की गई/जारी की गई सामग्री वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/रेल पथ(यार्ड)इटारसी/(उत्तर)भोपाल/(उत्तर)बीना/गुना द्वारा पुन; उपलब्ध करायी जाएगी और सहायक मंडल इंजीनियर/अनु./इटारसी/भोपाल/बीना/गुना द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

आकस्मिक योजनाः

सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सिस्टम (सीएमटीएस) के साथ आकस्मिक योजना पर एक पुस्तिका उपलब्ध है जिसमें विभिन्न स्थानों पर टेंट–शामियाना, जल आपूर्ति और मिट्टी हटाने की मशीनें आदि की आपूर्ति करने वाली सभी एजेंसियों के टेलीफोन नंबर षामिल हैं। इन्हें नियंत्रण अधिकारी के पास भेजा जाना चाहिए। अनुभागीय वरिष्ठ अनभाग इंजीनियर/कार्य इन सुविधाओं की स्थापना के लिए विशेष रूप से जिम्मेदार होंगे। वह इन सुविधाओं की स्थापना के लिए पर्याप्त कर्मचारियों के साथ आगे बढ़ेगा। टेंट/शामियाना में अस्थाई रसोई की स्थापना की जानी है ताकि वाणिज्य विभाग द्वारा व्यवस्थित खानपान की इकाई का उपयोग स्वच्छ भोजन प्रदान करने के लिए कर सके। घायल यात्रियों के लिए आवश्यकतानुसार टेंट–शामियाना, कुर्सियों आदि की व्यवस्था की जाएगी।

इंजीनियरिंग कंट्रोल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर यदि आवश्यक हो तो क्षेत्र में बुलडोजर, मिट्टी हटाने की मशीनें आदि के लिए संबंधित प्राधिकारी (सेना/राज्य सरकार विभाग) से अनुरोध करेंगे।

दुर्घटना स्थल का आरेखण रेखाचित्रः

दुर्घटना स्थल का स्केच तैयार करने के लिए एक वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/कार्य को विशेष रूप से नामित किया जाएगा। वह अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर/स्थल प्रभारी सहायक मंडल इंजीनियर के निर्देशन में कार्य करेंगे। वह दुर्घटना स्थल पर सुराग/साक्ष्य, यदि कोई हो, को भी सुरक्षित रखेगा जिससे दुर्घटना हुई है।

इंजीनियरिंग नियंत्रण के लिए जॉच सूचीः

1. दुर्घटना की सूचना दी गईः

सहायक मंडल इंजीनियर	वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/ रेल पथ	अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ मंडल इंजीनियर	कार्यकारी इंजीनियर (सामग्री निर्गम)/म.अभि. (पश्चिम)	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय)	मुख्या–लय कंट्रोल

2. दुर्घटना के स्थान, शामिल ट्रेन आदि के बारे में जानकारी।
3. इसमें षामिल किसी विशेष सुविधा जैसे पुल, समपार, भवन आदि की जानकारी।
4. उपलब्ध विवरण सहित दुर्घना की सूचना मुख्यालय के इंजीनियंरिग कंट्रोल को दी गई।
5. अनुभागीय सहायक मंडल इंजीनियर/अनुभागीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मंडल इंजीनियर के माध्यम से साइट से एकत्र की गई बहाली के लिए आवश्यक ट्रेक सामग्री/मशीनरी तथा उपकरण/रेल पथ स्टाफ की जानकारी।

रेल	स्लीपर फिटिंग	फिटिंग	प्वाइंट्स एवं क्रासिंग	टी एंट पी	पर्यवेक्षक	लोहार	ट्रेकमैन

6. मुख्यालय मुख्यालय/अन्य मंडलों से अपेक्षित स्टाफ/सामग्री सहायता के बारे में सूचित कियाः

मद				
मात्रा				

7. मंडल के अंदर एवं अन्य मंडलों से एआरटी (रेल पथ वैन/बी एफ आर) की आवाजाही।

मंडल	ए आर टी	साइट पर ले जाया गया	साइट पर पहुॅच गया

8. अधिकारियों/कर्मचारियों की सूचना स्थल पर ले जाया गया (नाम एवं पदनाम)

अधिकारी	वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/रेल पथ	पुल पर्यवेक्षक	वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/कार्य	कर्मचारी

साइट पर इंजीनियरिंग प्रभारी के लिए जॉच सूचीः

1. दुर्घटना स्थल का विस्तृत सर्वेक्षण किया गया।
2. ट्रेक क्षति स्थल का आकलन/रेल पथ सामग्री/जनशक्ति/मशीनरी की बहाली और उसे इंजीनियरिंग कंट्रोल को कार्यवाही हेतु निर्देषित करना।
3. योजना के अनुसार साइट पर कार्यालय/टेंटिंग/आश्रय स्थल की स्थापना करना।
4. स्टाफ के लिए पानी की व्यवस्था/रहने की व्यवस्था।
5. साइट स्केच तैयार करना।
6. संयुक्त अवलोकन/ट्रेक रीडिंग/वैगन/कोच रीडिंग इत्यादि।
7. रात्रि कार्य के लिए प्रकाश की व्यवस्था।
8. साइट पर सामग्री की अनलोडिंग करना।
9. अधिकारियों/पर्यवेक्षकों/कर्मचारियों को सौंपे गये कर्तव्य।
10. टेंट पार्टियों/मिट्टी हटाने वाली एजेंसियों/जल एजेंसियों से संपर्क किया और कार्यवाही के लिए सूचित किया गया।
11. साइट पर अस्थायी रसोई की स्थापना करना।

विद्युत (टीआरडी) विभाग

टीआरडी विभाग द्वारा की जाने वाली आपातकालीन कार्रवाई :–

टीपीसी द्वारा या तो साइट या सेक्शन कंट्रोलर से प्राप्त प्रथम सूचना के माध्यम से या सी.बी ट्रिपिंग के बाद और दूसरी बार रिक्लोजर होने के बाद भी सेक्शन बंद होने के बाद कार्रवाई की जाएगी ।

•जैसे ही टीपीसी को साइट या सेक्शन कंट्रोलर से किसी असामान्यता (सीबी ट्रिपिंग नहीं होने की स्थिति में) के बारे में जानकारी मिलती है,वह तुरंत डाउन/अप लाइन दोनो लाइनों पर ओएचई को निष्क्रिय करने के लिये संबंधित सेक्शन का फीडिंग सर्किट ब्रेकर/बीएम खोल देगा। टीपीसी कक्ष में सेक्शन कंट्रोलर द्वारा नियंत्रित और ध्वनि वाला एक हूटर स्थापित किया गया है, जिसे आपात स्थितियों में बजाया जा सकता है।

•जैसे ही सीबी ट्रिप करता है और दूसरी बार फिर से सीबी बंद नहीं होता है,संबंधित टीपीसी तुरंत खराब खंड़ का पता लगाने के लिये स्काड़ा सिस्टम पर सेग्रीगेट करना प्रारंभ कर देगा। दोषपूर्ण खंड़ का पता लगाने के बाद,वह दोनों दिशाओं में से किसी भी दिशा में इलेक्ट्रिक ट्रेनों के किसी भी संचलन को रोकने के लिये निकटवर्ती डाउन/अप लाइन के स्वस्थ खंड को निष्क्रिय कर देगा (एसीटीएम खंड़ ।। भाग ।। के पैरा 5 परिशिष्ट VIII के मद संख्या 1 और 3)

•टीपीसी संबंधित सेक्शन कंट्रोलर को असामान्यता के बारे में सूचित करेगा और असामान्यता के बारे में विवरण प्राप्त करने का प्रयास करेगा। इसके अलावा उसे सेक्शन कंट्रोलर के माध्यम से यह सुनिश्चित करना होगा कि इलेक्ट्रिक ट्रेन की कोई आवाजाही स्वस्थ और चार्ज सेक्षन से अनचार्ज्ड /डेड सेक्शन में ना हो।

• टीपीसी संबंधित टीआरडी अनुरक्षण डिपो और पर्यवेक्षकों को सूचित करेगा और उन्हें उस साइट पर जाने के लिये तैयार रहने के लिये कहेगा, जहां असामान्यता हुई है। फिर सूचना को सीटीपीसी को बताया जायेगा और उसे टीपीसी में पहुचने के लिये सूचित किया जायेगा।

•आगे की जानकारी संबंधित एडीईई/डीईई/सीनियर डीईई/टीआरडी को बताई जायेगी। टीपीसी उस समय सेक्शन में उपलब्ध किसी भी ओएचई गैंग को आवाजाही के लिये तैयार होने के लिये निकटवर्ती निकटतम डिपों को सूचित करेगा।ओएचई स्टाफ को स्थान के बारे में सूचित किया जायेगा और सड़क वाहन/ट्रक द्वारा असामान्यता वाले स्थान पर भेजा जायेगा।

•संबंधित डिपो पर स्थित टावर वेगन को प्राथमिकता के आधार पर साइट पर भेजा जायेगा।समीपवर्ती डिपो में स्थित टावर वेगनों को भी प्राथमिकता के आधार पर साइट पर भेजा जाता है ताकि दूसरे छोर से साइट पर पहुंचे।

• ओएचईपर्यवेक्षक,जो साइट पर सबसे पहले पहुचता है, साइट का सर्वेक्षण करेगा एवं नुकसार का जायजा लेगा और टीपीसी को स्थिति से अवगत करायेगा, इस जानकारी के आधार पर सुदृढ़ीकरण यदि कोई आवश्यक हो, पर्याप्त टी एण्ड़ पी और सामग्री एवं उपकरण की आवाजाही की व्यवस्था टीपीसी द्वारा की जायेगी।

•किसी भी ओएचई के टूटने या ओएचई तारों के टूटने की स्थिति में उसके आसपास के क्षेत्र को बंद कर दिया जाना चाहिये ताकि कोई घायल न हो।

• यदि बिजली का करंट लगने की स्थिति में किसी भी व्यक्ति को तब तक बचाने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिये जब तक कि यह सुनिश्चित ना हो जाये कि बिजली की आपूर्ति प्रभावित लाइन से कट गई है। चिकित्सा सहायता के लिये कॉल करें। इस बीच ओएचई तारों सेघायल,यदि कोई हो,को अलग कर दिया गया है तो उसे प्राथमिक उपचार दिया जायेगा।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लामबंदी :–

•सीनियर डीईई/टीआरडी परिवहन के पहले उपलब्ध साधनों से दुर्घटनास्थल के लिये रवाना होगें। सीनियर डीईई/टीआरडी की अनुपस्थिति में डीईई/टीआरडी प्रस्थान करेंगें। सीनियर डीईई/टीआरडी या डीईई/टीआरडी टीपीसी से प्रबंधन करेंगें।

अधिकारियों का ज्यूरीडिक्शन निम्नानुसार हैः–

• **व.मंवि.इंजी/टीआरडी :मंड़ल का पूर्ण विद्युतीकृत खंडः–*KNW(EXCLUDING)-BIN , BIN – GUN,***
GUN-GWL,GUNA-MKC (EXCLUDING) BPL-SHRN .

•मंवि.इंजी/टीआरडी:GLG(excl.)-MSO, VJP(excl.)-MKC(excl.) i.e. TRD Depot NSZ, ODG, BHS, SFY, BRRG

• स.मंवि.इंजी/टीआरडी/गुना:Vacant
•स.मंवि.इंजी/टीआरडी/बीनाः–MDKV to BIN, BIN to BAQ,GLG(incl.)-BIN, BIN-VJP, GUNA-GWL(excl), i.e. TRD depot BIN, BAQ, MN, ASKN, GUNA, SVPI

•स.मंवि.इंजी/टीआरडी/इटारसी:-MSO(excl.) to KNW (excl.) (Bhopal division) i.e. TRD depot ET, BPF, HD, KKN& KNW

आपातकालीन टीआरडी नियंत्रण की स्थापनाः–

• तीन टीआरडी पर्यवेक्षक (टीपीसी) हमेशा चौबीसों घंटे टीआरडी का आपातकालीन नियंत्रण करते है,। एक बीना–गुना के लिये एक टीपीसी, बीना–भोपाल के लिये एक टीपीसी, भोपाल–इटारसी के लिये एक टीपीसी, और इटारसी–खंडवा सेक्शन के लिये एक टीपीसी कार्य करते है। सीटीपीसी इस टीपीसी नियंत्रण के इंचार्ज है।

कर्मचारियों और सामग्री को जुटानाः–

